ई-न्यूज
# 24 न्यूज अपडेट
WebSite.: https://24newsupdate.in
उदयपुर, शुक्रवार 21 मार्च 2025
Mail Id :desk24newsupdate@gmail.com


# लोकतंत्र के सेनानियों का सम्मान विधेयक पारित, 1140 लाभार्थियों को 20 हजार हर महीने पेंशन 4 हजार की चिकित्सा सहायता




24 न्यूज अपडेट

24 न्यूज अपडेट, जयपुर। राजस्थान विधानसभा में शुक्रवार को राजस्थान लोकतंत्र के सेनानियों का सम्मान विधेयक, 2024 को ध्वनिमत से पारित किया गया। संसदीय कार्य मंत्री श्री जोगाराम पटेल ने कहा कि आपातकाल (25 जून, 1975 से 21 मार्च, 1977) भारतीय लोकतंत्र के इतिहास का काला अध्याय था। इस दौरान भारतीय नागरिकों की स्वतंत्रता पर अंकुश लगाया गया, न्यायपालिका की स्वायत्तता बाधित हुई और लोकतांत्रिक मूल्यों का हनन हुआ। लेकिन, लोकतंत्र सेनानियों ने अथक संघर्ष कर इसे पुनः स्थापित किया। लोकतंत्र सेनानियों के सम्मान के लिए सरकार की प्रतिबद्धता संसदीय कार्य मंत्री ने कहा कि पूर्ववर्ती सरकार ने 2019 में राजस्थान लोकतंत्र सेनानी सम्मान निधि नियम, 2008 को निरस्त कर दिया था, जिससे लोकतंत्र सेनानियों को मिलने वाली सहायता बंद हो गई थी। वर्तमान सरकार ने 14 मार्च 2024 को इन नियमों को पुनः प्रभावी कर दिया।

**मुख्य बिंदुः** राजस्थान में कुल 921 लोकतंत्र सेनानी एवं 219 दिवंगत सेनानियों के आश्रित (पति/पत्नी) को सम्मान राशि दी जाएगी। इन 1140 लाभार्थियों को प्रतिमाह 20,000 रुपये की पेंशन तथा 4,000 रुपये चिकित्सा सहायता मिलेगी। लोकतंत्र सेनानियों को निःशुल्क परिवहन सुविधा, राष्ट्रीय उत्सवों में विशेष आमंत्रण और सम्मान राशि दी जाएगी। सेनानी की मृत्यु होने पर उनके जीवनसाथी को जीवनभर सम्मान राशि व चिकित्सा सहायता मिलेगी।

### लोकतंत्र बचाने वालों का सम्मान जरूरी

संसदीय कार्य मंत्री ने कहा कि लोकतंत्र सेनानियों के त्याग और संघर्ष की वजह से ही आज भारत में लोकतांत्रिक माहौल कायम है। उन्होंने कहा कि आपातकाल के दौरान लोकतांत्रिक अधिकारों की रक्षा के लिए हजारों निर्दोष नागरिकों को जेल में डाल दिया गया। उन पर कड़े कानूनों के तहत मामले दर्ज किए गए, जिससे देशभर में भय का वातावरण बन गया।

### आपातकाल के दौरान वंचित वर्गों का हुआ सबसे अधिक नुकसान

श्री पटेल ने कहा कि आपातकाल में संविधान का उल्लंघन किया गया, जबरन नसबंदी जैसे कठोर निर्णय लिए गए और अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता पर प्रतिबंध लगाया गया। इसका सबसे अधिक प्रभाव वंचित वर्गों पर पड़ा। उन्होंने कहा कि सरकार का यह विधेयक लोकतंत्र सेनानियों को संबल देने और उनके योगदान को मान्यता देने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। सरकार लोकतंत्र को और मजबूत करने के लिए प्रतिबद्ध मंत्री ने कहा कि सरकार लोकतंत्र को और अधिक मजबूत बनाने के लिए कार्य कर रही है और विधेयक पर आए सुझावों पर भी नियमों के तहत कार्य किया जाएगा। उन्होंने लोकतंत्र सेनानियों के दीर्घायु होने की कामना की और जनता से उनके संघर्षों से प्रेरणा लेने का आह्वान किया।

# दिल्ली हाईकोर्ट जज के घर मिला कैश, इंटरनल इंक्वायरी जारी
## जज का इलाहाबाद तबादला किया गया; सुप्रीम कोर्ट ने कहा- दोनों मामले अलग



24 न्यूज अपडेट

शुक्रवार को दिल्ली हाईकोर्ट जज यशवंत वर्मा के घर पर मिले 15 करोड़ कैश मिलने की खबरें सामने आईं। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि इस मामले से जुड़ी जो भी खबरें फैलाई जा रही हैं, वे गलत हैं।

दरअसल मीडिया रिपोर्ट्स में कहा गया था होली की छुट्टियों के दौरान जस्टिस वर्मा के सरकारी बंगले पर आग लगी थी। उस वक्त वे घर पर नहीं थे। परिवार ने फायर ब्रिगेड को आग लगने की जानकारी दी। टीम जब आग बुझाने गई तब उन्हें कैश मिला था।

सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि इस मामले पर दिल्ली हाईकोर्ट के चीफ जस्टिस 21 मार्च की शाम तक CJI संजीव खन्ना को प्राइमरी रिपोर्ट सौंपेंगे। इसकी जांच के बाद आगे की कार्रवाई पर विचार किया जाएगा।

### सुप्रीम कोर्ट ने कहा- जज वर्मा के ट्रांसफर का मामला अलग

सुप्रीम कोर्ट की वेबसाइट पर अपलोड बयान के मुताबिक, जस्टिस वर्मा को इलाहाबाद हाईकोर्ट ट्रांसफर करने का प्रस्ताव स्वतंत्र और इन हाउस जांच प्रक्रिया से अलग है।

मीडिया रिपोर्ट्स में कहा जा रहा था कि जज वर्मा के घर में कैश मिलने के बाद कॉलेजियम ने उनका ट्रांसफर वापस इलाहबाद हाईकोर्ट कर दिया है।

उधर, हाईकोर्ट बार एसोसिएशन जस्टिस वर्मा के वापस इलाहाबाद ट्रांसफर का विरोध किया। एसोसिएशन का कहना है कि कॉलेजियम के फैसले से गंभीर सवाल उठ रहा है कि क्या हम कूड़ादान हैं।

### दिल्ली हाईकोर्ट जज के घर कैश मामले में अब तक क्या-क्या हुआ

कॉलेजियम ने इमरजेंसी मीटिंग की : मामले की जानकारी मिलते ही 20 मार्च को CJI जस्टिस संजीव खन्ना ने कॉलेजियम की इमरजेंसी मीटिंग बुलाई।

महाभियोग की प्रक्रिया शुरू करने की चर्चा : कॉलेजियम के कुछ सदस्यों का सुझाव था कि जस्टिस वर्मा से इस्तीफा मांगा जाना चाहिए। अगर वे इनकार करते हैं, तो संसद में उन्हें हटाने के लिए महाभियोग की प्रक्रिया शुरू करनी चाहिए। सूत्रों के मुताबिक ट्रांसफर की सिफारिश के साथ उनके खिलाफ जांच और महाभियोग चलाए जाने की चर्चा है।

### राज्यसभा में उठा मामला

कांग्रेस सांसद जयराम रमेश ने इस मुद्दे को सदन में उठाते हुए ज्यूडिशियल अकाउंटेबिलिटी पर चर्चा की मांग की। राज्यसभा के चेयरमैन और उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने इस पर जवाब देते हुए कहा कि सिस्टम में पारदर्शिता और जवाबदेही जरूरी है और वह इस मुद्दे पर एक स्ट्रक्चर्ड डिस्कशन करवाएंगे।

# RSS के मंच पर मनमोहन सिंह को श्रद्धांजलि




24 न्यूज अपडेट

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (RSS) की 3 दिन की अखिल भारतीय प्रतिनिधि सभा शुक्रवार को बेंगलुरु में शुरू हुई। बैठक के शुरुआत में पूर्व प्रधानमंत्री डॉ. मनमोहन सिंह, तबला वादक जाकिर हुसैन, प्रीतीश नंदी समेत संघ के दिवंगत कार्यकर्ताओं को श्रद्धांजलि दी गई।

संघ के सह सरकार्यवाह सीआर मुकुंद ने मणिपुर की स्थिति को लेकर चिंता जताई। उन्होंने कहा कि मणिपुर बीते 20 महीनों से बुरे दौर से गुजर रहा है, लेकिन केंद्र सरकार के कुछ राजनीतिक और प्रशासनिक फैसलों के बाद अब उम्मीद की किरण नजर आ रही है। हालांकि, राज्य में हालात सामान्य होने में अभी लंबा समय लगेगा।

उन्होंने तमिलनाडु और केंद्र सरकार के बीच चल रहे भाषा और परिसीमन विवाद पर कहा- कुछ ताकतें हैं, जो देश की एकता को चुनौती दे रही हैं। वह उत्तर और दक्षिण के बीच बहस को बढ़ावा दे रही हैं। चाहे वह परिसीमन की डिबेट हो या भाषा की डिबेट। उन्होंने कहा कि ये ज्यादातर राजनीति से प्रेरित हैं।

उन्होंने कहा कि सभी सोशल ग्रुप को साथ आना होगा। यह सही नहीं है कि हम आपस में लड़ें। अगर कोई दिक्कत है तो उसे मिलकर, सद्भावना से हल किया जा सकता है। हमारे स्वयंसेवक और अलग अलग विचार परिवार के लोग सद्भावना की पूरी कोशिश कर रहे हैं, खासकर दक्षिण भारत के राज्यों में।

# राबड़ी बोलीं- नीतीश का दिमाग खराब, बेटे को CM बनाएं:
## तेजस्वी यादव बोले- PM के लाडले ने राष्ट्रगान का अपमान किया, सिर्फ 22 मिनट चला सदन



बिहार विधानसभा में शुक्रवार को नीतीश के राष्ट्रगान के अपमान करने के मुद्दे पर जोरदार हंगामा होता रहा। सदन के अंदर और बाहर विपक्ष ने पोस्टर लेकर प्रदर्शन किया। कार्यवाही शुरू होने से पहले RJD ने CM नीतीश कुमार से इस्तीफे की मांग की। सदन के बाहर पोर्टिको में नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव भी हाथ में बैनर लिए खड़े दिखे। विपक्ष के हंगामे के कारण आज सिर्फ 22 मिनट ही सदन की कार्यवाही चल पाई।

### PM के लाडले CM ने राष्ट्रगान का अपमान किया

नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव ने कहा- 'बिहार के लिए कल काल दिवस था। PM मोदी के लाडले CM ने राष्ट्रगान का अपमान किया है। लाडले CM पर PM क्या कहेंगे। भारत माता की जय करने वाले बीजेपी के दोनों डिप्टी CM गायब हैं।'

'कल हम सब का सिर शर्म से झुक गया है। इंडिया की राजनीति में पहली ऐसी घटना है,जहां राष्ट्रगान का अपमान हुआ है। PM मोदी ने एक ट्वीट तक नहीं किया। CM नीतीश कुमार को रिटायरमेंट ले लेना चाहिए। राष्ट्रगान को अपमान करने वाले को तीन साल की सजा होती है।'

### राबड़ी बोलीं- दिमाग खराब तो बेटे को गद्दी पर बैठाएं नीतीश

विधान परिषद में भी राष्ट्रगान के अपमान पर हंगामा हुआ। कार्यवाही के दौरान राबड़ी देवी का माइक बंद हो गया। उन्होंने माइक चालू कराने की मांग की। राबड़ी ने कहा, 'अगर मुख्यमंत्री नीतीश कुमार का दिमाग खराब है, तो उनको गद्दी छोड़नी चाहिए और अपने बेटे को मुख्यमंत्री बनाना चाहिए। बेटा नहीं बनता तो किसी दूसरे अपने को कुर्सी सौंप दें।'

विधान परिषद में विपक्ष की नारेबाजी के बीच 8 मिनट में ही सभापति ने सदन की कार्यवाही 2 बजे तक के लिए स्थगित कर दी।

# BJP के 18 विधायक छह महीने के लिए निलंबित, मार्शलों ने विधानसभा से निकाला बाहर



कर्नाटक में भारतीय जनता पार्टी (BJP) के 18 विधायकों को विधानसभा अध्यक्ष की कुर्सी का अनादर करने और अभद्र व्यवहार करने के कारण शुक्रवार को छह महीने के लिए विधानसभा से निलंबित कर दिया गया. सत्ता पक्ष ने इस फैसले का समर्थन किया है.

विधानसभा अध्यक्ष यू टी खादर ने इन 18 विधायकों को निलंबित करने के फैसले की घोषणा की. विधायकों ने हनीट्रैप के आरोपों की न्यायिक या सीबीआई जांच की मांग करते हुए अध्यक्ष के पोडियम पर चढ़कर उन पर कागज फेंके थे. सत्ता पक्ष ने फैसले का समर्थन किया और अध्यक्ष से संबंधित विधायकों को छह महीने के लिए निलंबित करने का आग्रह किया.

### 'कुर्सी लोकतंत्र के प्रतीक'

कानून और संसदीय मामलों के मंत्री एच के पाटिल ने भाजपा विधायकों के व्यवहार को असभ्य बताया. निलंबन की घोषणा करते हुए खादर ने कहा, "आज की घटना से मुझे बहुत दुख पहुंचा है. यह सदन और कुर्सी लोकतंत्र के प्रतीक हैं. आज कुछ सदस्यों ने इसकी पवित्रता को नष्ट कर दिया है. इस तरह के कृत्य को बर्दाश्त नहीं किया जाना चाहिए."

# लंदन का हीथ्रो एयरपोर्ट बंद, 1300 फ्लाइट कैंसिल:3 लाख पैसेंजर प्रभावित; पावर स्टेशन में आग लगने से सभी ऑपरेशन रोके गए




24 न्यूज अपडेट

ब्रिटेन की राजधानी लंदन में हीथ्रो एयरपोर्ट को आज यानी शुक्रवार को बंद कर दिया गया। एयरपोर्ट के पास एक इलेक्ट्रिकल सबस्टेशन में गुरुवार रात आग लगने की वजह से एयरपोर्ट की बिजली आपूर्ति बंद करनी पड़ी। इसके चलते 1300 फ्लाइट्स सस्पेंड हुई हैं, जिनसे 2 लाख 91 हजार पैसेंजर्स प्रभावित हुए हैं।

आग वेस्ट लंदन के हेस में लगी थी। इस वजह से 5 हजार से ज्यादा घरों की बिजली गुल हुई। करीब 150 लोगों को यहां से सुरक्षित निकाला गया है। लंदन फायर ब्रिगेड ने 70 फायर फाइटर्स के साथ शुक्रवार सुबह तक ज्यादातर आग पर काबू पा लिया। हालांकि अभी तक पूरी तरह आग बुझी नहीं है। ब्रिटेन की काउंटर टेररिज्म पुलिस इस मामले की जांच कर रही है। पुलिस ये पता लगाने की कोशिश कर रही है कि सबस्टेशन पर लगी आग के पीछे किसी का कोई गलत इरादा तो नहीं था।

# 550 करोड़ का IPO लाएगी SSF प्लास्टिक्स इंडिया:SEBI के पास ड्राफ्ट पेपर फाइल किए; प्लास्टिक पैकेजिंग प्रोडक्ट्स बनाती है कंपनी




24 न्यूज अपडेट

महाराष्ट्र बेस्ड प्लास्टिक पैकेजिंग प्रोडक्ट्स बनाने वाली कंपनी SSF प्लास्टिक्स इंडिया जल्द ही अपना इनिशियलपब्लिक ऑफरिंग यानि IPO ला रही है। कंपनी ने मार्केट रेगुलेटर सिक्योरिटी एक्सचेंज बोर्ड ऑफ इंडिया यानी SEBI के पास ड्राफ्ट रेड हेरिंग प्रॉस्पेक्टस (DRHP) फाइल किया है। IPO से 550 करोड़ रुपए जुटाएगी। इसमें फ्रेश इश्यू के जरिए 300 करोड़ रुपए के नए शेयर जारी होंगे। इसके साथ ही कंपनी के मौजूदा प्रमोटर ऑफर फॉर सेल (OFS) में 250 करोड़ रुपए के शेयर बेंचेंगे।

### प्लास्टिक पैकेजिंग प्रोडक्ट्स बनाती है कंपनी

SSF प्लास्टिक्स इंडिया रेवेन्यू के आधार पर वित्त वर्ष 2024 में देश की चौथी बड़ी प्लास्टिक पैकेजिंग मैन्युफेक्चरर है। कंपनी डिजाइन से लेकर डिलीवरी प्रोसेस तक के पैकजिंग प्रोडक्ट्स बनती है। बोतलें, कंटेनर, कैप्स/क्लोजर, टब्स और इंजीनियरिंग प्लास्टिक कंपोनेंट्स – में सर्विस प्रोवाइड करती है।

इसके साथ ही, यह पर्सनल केयर, होमकेयर, फूड एंड बेवरेजेस, कंज्यूमर इलेक्ट्रॉनिक्स, इंजन ऑयल एवं लुब्रिकेंट्स और फार्मास्यूटिकल्स जैसे बिजनेस में भी सर्विस देती है। कंपनी के 15 जगहों पर मेन्युफेक्चरिंग फैसिलिटी है।

कंपनी के प्रमुख ग्राहकों में हिंदुस्तान यूनिलीवर, विप्रो, डाबर, हिंदुस्तान फूड्स, इमामी, हिमालया वेलनेस, कोलगेट, आरएसएच ग्लोबल, साविता ऑयल और अल्केम लैब्स शामिल हैं।

# ऑल टाइम हाई से 2,780 गिरा चांदी का दाम:एक किलो 97,620 पर आया; सोना 337 सस्ता होकर 88,169 पर बिक रहा




24 न्यूज अपडेट

हफ्ते के आखिरी कारोबारी दिन आज यानी शुक्रवार (21 मार्च) को सोना-चांदी के दाम में गिरावट रही। इंडिया बुलियन एंड ज्वेलर्स एसोसिएशन (IBJA) के अनुसार, 10 ग्राम 24 कैरेट सोने का दाम 88,506 रुपए से 337 रुपए कम होकर 88,169 रुपए पर आ गया है। कल गोल्ड की कीमत लगातार पांचवें दिन ऑल टाइम हाई पर थी।

आज चांदी के भाव में भी कल के मुकाबले 772 रुपए की गिरावट है, ये 97,620 रुपए प्रति किलो बिक रही है। कल एक किलो चांदी 98,392 रुपए पर थी। मंगलवार, 18 मार्च को चांदी का भाव 1,00,400 प्रति किलो के ऑल टाइम हाई पर था, तब से इसमें 2,780 रुपए कमी हो चुकी है।

# सेंसेक्स 557 अंक चढ़कर 76,905 पर बंद:निफ्टी 159 अंक चढ़ा; ऑयल एंड गैस और सरकारी बैंक के शेयरों में सबसे ज्यादा तेजी रही




24 न्यूज अपडेट

हफ्ते के आखिरी कारोबारी दिन आज यानी, शुक्रवार 21 मार्च को सेंसेक्स 557 अंक चढ़कर 76,905 के स्तर पर बंद हुआ। निफ्टी में भी 159 अंक की तेजी रही, ये 23,350 के स्तर पर बंद हुआ। सेंसेक्स के 30 शेयरों में से 25 में तेजी रही। सबसे ज्यादा NTPC 3.09%, बजाज फाइनेंस 2.62% और कोटक महिंद्रा बैंक 2.14% चढ़े। महिंद्रा, टाटा स्टील, इंफोसिस, टाइटन और बजाज फिनसर्व में 1% से ज्यादा की गिरावट रही। निफ्टी के 50 शेयरों में से 38 में तेजी रही। NSE के सेक्टोरल इंडाइसेज में मीडिया के शेयर में 2.20%, ऑयल एंड गैस में 1.84% और सरकारी बैंक में 1.06% की तेजी रही। निफ्टी मेटल में करीब 1% की गिरावट रही।

## संपादकीय : हिंसा का दायरा

मणिपुर पहले ही जातीय टकराव और हिंसा के म दौर में झुलस रहा है और अब तक वहाँ शांति के लिए की गई तमाम कवायदों का कोई ठोस हासिल सामने नहीं आया है। करीब पौने दो वर्ष पहले वहां शुरू हुई हिंसा और उसके बाद अराजकता का माहौल आज भी कमोवेश जारी है और उसके हल का रास्ता सरकार नहीं निकाल सकी है। मणिपुर में लगातार जारी अशांति के मुख्य कारणों को संबोधित करके जहां उसका कोई समाधान निकालने के लिए सभी स्तरों पर हर संभव उपाय किए जाने चाहिए थे, वहां हालत यह है कि अब राज्य में टकराव के नए कारक पैदा हो रहे हैं, नए क्षेत्रों में हिंसा का विस्तार हो रहा है और उससे हालात और ज्यादा बिगड़ने की आशंका खड़ी हो रही है। सवाल है कि केंद्र से लेकर राज्य तक का समूचा सरकारी तंत्र वहां के ज्यादातर इलाकों में पसरी अराजकता की स्थिति को संभालने और शांति कायम करने के प्रयासों में किन वजहों से नाकाम साबित हुआ है। इसका कारण सिर्फ हालात की जटिलता है। या समस्या का हल निकालने के प्रति दूरदर्शिता की कमी और उदासीनता ? आखिर क्या वजह है कि मणिपुर में मैतेई और कुकी-जो के अलावा दूसरी जनजातियां भी अलग मुद्दों पर आमने-सामने खड़ी हो रही हैं? गौरतलब है कि राज्य के अशांत चूड़ाचांदपुर जिले में कुछ दिन पहले हमार समुदाय के एक नेता पर हमला होने के बाद जोमी समुदाय के साथ हमार समुदाय के लोगों की झड़पें शुरू हो गई थीं। हालांकि इसके बाद हमार और जोमी समुदावों के शीर्ष निकायों ने पहल की और उसके बाद दोनों पक्षों के बीच शांति के लिए समझौता हुआ। मगर यह अफसोसनाक है कि उस समझौते पर कुछ देर अमल करना भी जरूरी नहीं समझा गया और दोनों समुदायों के बीच फिर हिंसा होने लगी, जिसमें एक व्यक्ति की मौत हो गई। इस बीच जिले के उच्च अधिकारियों और खुद कुकी- जो समुदाय के विधायकों ने शांति के लिए अपील की। मगर इन सबका कोई असर नहीं पड़ा। सवाल है कि हिंसक टकराव में शामिल दोनों पक्षों के बरक्स सरकारी तंत्र को क्या इस बात की आशंका नहीं थी कि वहां जैसा माहौल अभी बना हुआ है, उसमें एक मामूली-सी चिंगारी भी फिर से हिंसा की आग को भड़का दे सकती है ? हिंसा और अराजकता को पूरी तरह रोकने और खत्म करने के प्रति सरकार की उदासीनता का अंदाजा इसी से लगाया जा सकता है कि एक छोटे राज्य में हिंसा की शुरुआत के अब दो वर्ष होने जा रहे हैं और आज भी मुख्य समस्या के हल का कोई रास्ता सामने नजर नहीं आ रहा है। निश्चित रूप से यह स्थिति टकराव और हिंसा में शामिल समुदायों के बीच असंतोष के कायम रहने का नतीजा है, लेकिन समस्या का हल निकालने से लेकर हिंसा पर काबू पाने के सभी अधिकार हाथ में होने के बावजूद सरकार और उसका समूचा तंत्र इस मसले पर किन वजहों से पूरी तरह नाकाम दिखा है? मणिपुर में अब राष्ट्रपति शासन लागू है। मैतेई समुदाय को जनजातीय दर्जा देने के मसले पर मैतेई और कुकी समुदायों के बीच शुरू हुई हिंसा पर केंद्र और राज्य सरकार की ओर से उठाए गए तमाम प्रयासों और दावों के बावजूद अब तक पूरी तरह काबू नहीं पाया जा सका है। अब अलग मुद्दों के साथ नए समुदायों के बीच जिस तरह का टकराव खड़ा हो रहा है, अगर समय रहते उसे थामने के लिए ईमानदार इच्छाशक्ति के साथ काम नहीं किया गया तो इसके नतीजों का अंदाजा लगाना मुश्किल नहीं है।

## तबाही की जंग

इजराइल और हमास के बीच दो महीने पुराना संघर्ष विराम जमीन पर कितना उतर सका, उसका अंदाजा इससे लगाया जा सकता है। कि इसके बावजूद इजराइल ने इस बार बिना किसी उकसावे के गाजा पर हवाई हमले किए। हालांकि उसका दावा है कि गाजा की ओर से मिसाइल दागी गई। इजराइल के सैन्य हमले में अब तक बयालीस हजार से अधिक लोगों की मौत हो चुकी है। बमबारी से बचने के लिए नागरिक भूखे-प्यासे मारे-मारे फिर रहे हैं अफसोसनाक यह भी है कि उन तक मानवीय सहायता भी नहीं पहुंचने दी जा रही। बड़ी संख्या में महिलाएं और बच्चे शरणार्थी शिविरों में रहने के लिए मजबूर हैं। ऐसा लगता है कि इजराइल किसी भी नियम और शर्त को मानने के लिए तैयार नहीं हैं। उसने संघर्ष विराम के बावजूद कर गाजा पर भारी हवाई हमले किए, जिसमें पांच सौ बानवे लोगों की मौत हो गई। सवाल है कि इजराइल ने ऐसा क्यों किया ? हमास के साथ उसका अस्थायी संघर्ष विराम इसलिए हुआ था, ताकि हमले में अपहृत बंधकों को छोड़ दिया जाएगा। हमास ने कुछ बंधक छोड़े भी । यह प्रक्रिया चल ही रही थी कि अब दोनों पक्ष एक दूसरे पर शर्तों के उल्लंघन के आरोप लगा रहे हैं। वर्चस्व के इस जंग के बीच आम फिलिस्तीनी दयनीय जीवन जीने के लिए मजबूर हैं। संघर्ष विराम टूटने के बाद गाजा क्षेत्र में स्थिति और भी गंभीर होने का अंदेशा है। इजराइल ने दोबारा हमले कर साफ कर दिया है कि शांति प्रयासों में उसकी कोई रुचि नहीं है। वह अपने लक्ष्यों को हासिल करने के लिए गाजा को तबाह कर देने पर आमादा है । यह अजीब बात है कि वह हमले के बीच युद्धविराम से जुड़ी वार्ताएं जारी रखने की बात कर रहा है। उसने बुधवार को दोबारा हमले किए, जिससे पचासी नागरिकों की मौत हो गई। ये हमले उस समय हुए, जब ज्यादातर लोग घरों में सो रहे थे। शांति और समस्या के हल की कोशिश के बजाय इजराइल ने इस बार उत्तरी गाजा पर शिकंजा कस दिया है। इससे फिलिस्तीनी नागरिकों की आवाजाही मुश्किल हो गई है । सवाल है कि उन आम लोगों के मानवाधिकारों का हनन कब तक होता रहेगा, जो युद्ध के लिए जिम्मेदार नहीं हैं।

# दिव्यांगों को पदोन्नति में 4 प्रतिशत नोशनल आरक्षण का लाभ दिया जाएगा, फूलसिंह मीणा के प्रश्न पर आया जवाब




**24 न्यूज अपडेट**

उदयपुर। सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री अविनाश गहलोत ने शुक्रवार को विधानसभा में कहा कि राज्य सरकार द्वारा दिव्यांगों को 30 जून, 2016 से पदोन्नति में 4 प्रतिशत नोशनल आरक्षण का लाभ देने का प्रकरण प्रक्रियाधीन है। वित्त विभाग के निर्देशों के अनुसार इस आरक्षण से पड़ने वाले आर्थिक भार के संबंध में सभी विभागों को पत्र लिखकर जानकारी संकलित की जा रही है। उन्होंने कहा कि आर्थिक भार की गणना पूरी होने के बाद राज्य सरकार द्वारा नीतिगत फैसला लेकर सुप्रीम कोर्ट के आदेशों की पालना में दिव्यांगों को पदोन्नति में 4 प्रतिशत नोशनल आरक्षण का लाभ दिया जाएगा। सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री प्रश्नकाल के दौरान सदस्य द्वारा इस सम्बन्ध में पूछे गए पूरक प्रश्नों का जवाब दे रहे थे। उन्होंने फूलसिंह मीणा के सवाल पर बताया कि दिव्यांगता अधिकार अधिनियम 2016 के बाद सुप्रीम कोर्ट के निर्णय के आधार पर प्रदेश में भी दिव्यांगों को पदोन्नति में 4 प्रतिशत नोशनल आरक्षण देने का प्रावधान किया गया। सुप्रीम कोर्ट के इन आदेशों की पालना में कार्मिक एवं प्रशिक्षण विभाग, केंद्र सरकार द्वारा 30 जून, 2016 से दिव्यांगों को पदोन्नति में इस आरक्षण का लाभ देने के लिए 28 दिसम्बर, 2023 को कार्यालय ज्ञापन जारी किया गया।

उन्होंने जानकारी दी कि केंद्र सरकार द्वारा वर्ष 2016 से पहले दिव्यांगता की 7 श्रेणियाँ निर्धारित थी। दिव्यांगता अधिकार अधिनियम 2016 के तहत दिव्यांगता की श्रेणियों को बढ़ाकर 21 कर दिया गया। इससे पहले विधायक फूल सिंह मीणा के मूल प्रश्न के लिखित जवाब में सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री ने कहा कि राजस्थान में राजस्थान दिव्यांगजन अधिकार (संशोधन) नियम, 2021 के तहत 21 अक्टूबर, 2021 से दिव्यांगजनों को पदोन्नति में आरक्षण का लाभ दिया गया है। जिसका विवरण उन्होंने सदन के पटल पर रखा। उन्होंने बताया की कार्मिक विभाग द्वारा सीधी भर्ती और पदोन्नति में दिव्यांगजनों को आरक्षण देने के संबंध में परिपत्र 1 दिसम्बर 2021 एवं संशोधित परिपत्र 10 अगस्त, 2022 को जारी किया गया। जिसका विवरण उन्होंने सदन के पटल पर रखा। कार्मिक एवं प्रशिक्षण विभाग, केंद्र सरकार द्वारा दिव्यांगजनों को पदोन्नति में आरक्षण के संबंध में 28 दिसम्बर, 2023 को जारी कार्यालय ज्ञापन का विवरण भी उन्होंने सदन के पटल पर रखा। उन्होंने बताया कि केन्द्र सरकार की तर्ज पर राजस्थान राज्य में भी दिव्यांगजनों को 2016 से काल्पनिक पदोन्नति देने के संबंध में विभाग में प्रस्ताव परीक्षणाधीन है।

# देसूरी की नाल डीपीआर को मिली मंजूरी, केंद्रीय मंत्री गडकरी स्वयं करेंगे मॉनिटरिंग



**24 न्यूज अपडेट**

24 न्यूज अपडेट. राजसमंद. वर्षों से उपेक्षित देसूरी की नाल के विकास को लेकर एक महत्वपूर्ण निर्णय लिया गया है। केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने डीपीआर (डिटेल्ड प्रोजेक्ट रिपोर्ट) को मंजूरी देते हुए इस कार्य की स्वयं मॉनिटरिंग करने की घोषणा की है। यह निर्णय न केवल इस महत्वपूर्ण सड़क मार्ग के विकास की दिशा में एक बड़ा कदम है, बल्कि इससे क्षेत्रवासियों की वर्षों पुरानी मांग भी पूरी होने की उम्मीद जगी है।

सांसद और विधायक के प्रयास लाए रंग सांसद महिमा कुमारी मेवाड़ और नाथद्वारा विधायक विश्वराज सिंह मेवाड़ ने इस ऐतिहासिक निर्णय पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि देसूरी की नाल के विकास से न केवल यातायात सुगम होगा, बल्कि इस दुर्गम घाटी में बार-बार होने वाली दुर्घटनाओं को रोकने में भी मदद मिलेगी।

गडकरी बोलेः सरकार देसूरी की नाल को लेकर गंभीर केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी ने सांसद को आश्वस्त किया कि देसूरी की नाल से जुड़े कार्यों को गंभीरता और प्राथमिकता के आधार पर पूरा किया जाएगा। उन्होंने कहा, "यह एक महत्वपूर्ण परियोजना है, जिसका कार्य अब जल्द पूरा होगा। सरकार इसकी मॉनिटरिंग करेगी और मैं स्वयं इसकी प्रगति पर नजर रखूंगा।"

### डीपीआर से क्या होगा फायदा?

दुर्घटनाओं में कमीः देसूरी की नाल एक संकरी और खतरनाक घाटी है, जहां सड़क दुर्घटनाओं की संख्या अधिक है। डीपीआर में इस समस्या के समाधान के लिए तकनीकी उपायों को शामिल किया जाएगा।

यात्रा होगी सुगम और सुरक्षितः सड़क चौड़ीकरण और नए सुरक्षात्मक उपायों से यातायात सुगम होगा और यात्रियों को राहत मिलेगी।

आर्थिक और पर्यटन विकास को मिलेगी गतिः यह मार्ग राजसमंद, पाली और नाथद्वारा को जोड़ता है, जिससे व्यापार और पर्यटन में बढ़ोतरी होगी।

सांसद मेवाड़ ने किए लगातार प्रयास सांसद महिमा कुमारी मेवाड़ ने इस परियोजना के लिए निरंतर प्रयास किए। उन्होंने लोकसभा में शून्यकाल के दौरान इस मुद्दे को उठाया था और केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी एवं राज्य मंत्री अजय टम्टा से कई बार मुलाकात की। उनके इन प्रयासों का ही परिणाम है कि देसूरी की नाल के लिए डीपीआर को मंजूरी मिल पाई। सांसद ने कहा कि वे जल्द से जल्द डीपीआर का कार्य पूरा कराकर निर्माण कार्य शुरू करने के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध हैं। उनका लक्ष्य है कि इस परियोजना का कार्य शीघ्रता से पूरा हो, ताकि लोगों को सुरक्षित और सुगम यातायात मिल सके।

### स्थानीय जनता में खुशी

निर्णय से राजसमंद, पाली और नाथद्वारा के हजारों लोगों को राहत मिलेगी, जो इस मार्ग से प्रतिदिन यात्रा करते हैं। स्थानीय नागरिकों ने भी इस पहल का स्वागत करते हुए सांसद मेवाड़ और केंद्रीय मंत्री गडकरी का आभार जताया है। देसूरी की नाल के विकास को लेकर अब सरकार की मंशा स्पष्ट है – यह परियोजना प्राथमिकता में है, और इसकी मॉनिटरिंग स्वयं केंद्रीय मंत्री गडकरी करेंगे। आने वाले समय में इस महत्वपूर्ण सड़क मार्ग पर सुधार कार्य शुरू होते ही इसका सकारात्मक प्रभाव पूरे क्षेत्र में देखने को मिलेगा।

# सागवाड़ा के 248 गाँव होंगे जल जीवन मिशन के तहत लाभान्वित - जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी मंत्री




**24 न्यूज अपडेट**

जयपुर, 21 मार्च। जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी मंत्री श्री कन्हैया लाल ने शुक्रवार को विधानसभा में कहा कि सागवाड़ा विधानसभा क्षेत्र में जल जीवन मिशन के तहत गुणवत्तापूर्ण कार्य कराए जाएंगे। उन्होंने कहा कि सागवाड़ा विधानसभा क्षेत्र के 248 ग्रामों में से 53 ग्राम लघु योजनाओं के द्वारा एवं 195 ग्राम 3 वृहद परियोजनाओं द्वारा जल जीवन मिशन अंतर्गत लाभान्वित किये जाने हेतु स्वीकृत किये गये हैं। जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी मंत्री प्रश्नकाल के दौरान सदस्य द्वारा इस सम्बन्ध में पूछे गए पूरक प्रश्नों का जवाब दे रहे थे। उन्होंने कहा कि डूंगरपुर जिले में अधिशासी अभियंता कार्यालय की संख्या बढ़ाई गयी है। अब सागवाड़ा व आसपुर क्षेत्र के लिए नवसृजित अधिशासी अभियंता कार्यालय द्वारा कार्य किये जाएंगे। इससे पहले विधायक श्री शंकर लाल डेचा के मूल प्रश्न के लिखित जवाब में जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी मंत्री ने बताया कि 3 वृहद परियोजनाओं में से 2 वृहद परियोजना क्रमशः बेणेश्वर एनीकट आधारित 212 ग्रामों की वृहद परियोजना व कडाना बैकवाटर आधारित 353 ग्रामों की वृहद पेयजल परियोजना के क्रियान्वयन हेतु वर्तमान में निविदाएं प्रक्रियाधीन है। उक्त परियोजनाओं के अंतर्गत विधानसभा क्षेत्र सागवाड़ा के 185 ग्राम लाभान्वित किये जाने हेतु सम्मिलित हैं।

उन्होंने बताया कि शेष सोम-कमला-अंबा बांध आधारित 61 ग्रामों की रेट्रोफिटिंग वृहद पेयजल परियोजना का कार्य वर्तमान में प्रगतिरत है, जिसमें विधानसभा क्षेत्र सागवाड़ा के 10 ग्राम सम्मिलित हैं। परियोजनान्तर्गत विधानसभा क्षेत्र सागवाड़ा के 10 ग्रामों मे से 8 ग्रामों में पाइप लाइन का कार्य पूर्ण किया जा चुका है, जिसमे ग्राम के सभी मोहल्लों में पाइप लाइन डाली गयी है। शेष 2 ग्रामों में वर्तमान में पाइप लाइन का कार्य प्रारम्भ नहीं किया गया है। योजना में स्वीकृत पाइप लाइन की मात्रा में विचलन की सक्षम अनुमति मिलने के बाद पूर्ण करवाया जाना प्रस्तावित है।

उन्होंने बताया कि योजनान्तर्गत क्रियान्वित कार्य निविदा प्रपत्र में वर्णित मापदण्डों एवं विभागीय दिशा-निर्देशों के अनुसार ही सम्पादित करवाए गए हैं तथा तृतीय पक्ष निरीक्षण एजेन्सी वॉप्कोस द्वारा भी सामग्री एवं कार्य की गुणवत्ता का नियमित रूप से निरीक्षण किया जा रहा है। वर्तमान में उक्त कार्य के विरुद्ध कोई जाँच विचाराधीन नहीं है। विधानसभा क्षेत्र सागवाड़ा में नवसृजित खंड सागवाड़ा द्वारा विभाग की नियमित योजनाओं के क्रियान्वयन, संचालन व संधारण का कार्य किया जा रहा है। जल जीवन मिशन अंतर्गत स्वीकृत वृहद परियोजना संबंधी कार्यों का क्रियान्वयन, संचालन व संधारण का कार्य परियोजना खंड-द्वितीय उदयपुर द्वारा किया जा रहा है।

# 40वां निःशुल्क पंचकर्म आयुर्वेद चिकित्सा शिविर 24 मार्च से

**24 न्यूज अपडेट**

उदयपुर, 21 मार्च। आयुर्वेद विभाग के राजकीय आदर्श आयुर्वेद औषधालय सिंधी बाजार में 24 मार्च से 28 मार्च तक का आयोजित होगा। शिविर प्रभारी एवं वरिष्ठ आयुर्वेद चिकित्साधिकारी डॉ. शोभालाल औदिच्य ने बताया कि शिविर का शुभारंभ नगर निगम आयुक्त रामप्रकाश एवं उपनिदेशक आयुर्वेद विभाग उदयपुर डॉ राजीव भट्ट करेंगे। शिविर के अंतिम दिन 28 मार्च को विशेष अग्निकर्म चिकित्सा शिविर भी आयोजित होगा, जिसमें सभी प्रकार के जटिल रोगों का उपचार किया जाएगा। शिविर का समय प्रतिदिन सुबह 9 बजे से दोपहर 2 बजे तक रहेगा। पंचकर्म शिविर में अन्य कर्म कटिबस्ती, जानुबस्ती, शिरोधारा, ग्रीवाबस्ती, उद्वर्तन जैसी चिकित्सा विधियों के माध्यम से जोड़ों का दर्द, साइटिका, स्पॉन्डिलाइटिस, माइग्रेन, एविएन रोग, और मांसपेशियों के दर्द का प्रभावी उपचार किया जाएगा। उन्होंने बताया कि पिछले 39 शिविरों में हजारों रोगियों को लाभ मिला है और यह शिविर आयुर्वेद के प्रति जनता के बढ़ते विश्वास को दर्शाता है। शिविर के अंतिम दिन 28 मार्च को विशेष रूप से अग्निकर्म चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया है, जिसमें अग्निकर्म विशेषज्ञ डॉ. वीरेंद्र सिंह हाड़ा सेवाएं दे। इस षिविर में सभी प्रकार के जोड़ों एवं हड्डियों के दर्द, स्लिप डिस्क, कमर एवं गर्दन का अकड़न, तंत्रिका तंत्र विकार, सुन्नता या झनझनाहट चर्म रोग, माइग्रेन, पुराने सिरदर्द मोटापा, पाचन संबंधी समस्याएं आदि रोगों से राहत मिलेगी।

# बिना लाइसेंस शराब बेचने वाले कैफे संचालक की गिरफ्तारी, पुलिस ने जब्त की अवैध शराब



**24 न्यूज अपडेट**

उदयपुर. जिला पुलिस अधीक्षक योगेश गोयल के निर्देशानुसार अवैध मादक पदार्थों की रोकथाम और धरपकड़ के अभियान के तहत घंटाघर थाना पुलिस ने बड़ी कार्रवाई की। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक उमेश ओझा और नगर पश्चिम वृताधिकारी कैलाशचंद्र के सुपरविजन में थानाधिकारी सुनील शर्मा के नेतृत्व में पुलिस टीम ने गडियादेवरा स्थित कैफे स्मॉकी जोस पर छापा मारा।

कैफे में अवैध शराब की बिक्री, संचालक गिरफ्तार जांच के दौरान कैफे संचालक अलीम शेरवानी (निवासी कासगंज, उत्तर प्रदेश, हाल किरायेदार समता नगर, बेदला, उदयपुर) को बिना लाइसेंस शराब बेचते पाया गया। पुलिस ने मौके से अवैध शराब जब्त कर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। इस मामले में प्रकरण दर्ज कर आगे की जांच जारी है। उदयपुर पुलिस ने अवैध शराब बिक्री के खिलाफ सख्त कार्रवाई जारी रखने का आश्वासन दिया है।

कार्रवाई में शामिल पुलिस टीमः श्री सुनील शर्मा – थानाधिकारी, घंटाघर श्री अर्जुनलाल – सहायक उपनिरीक्षक, श्री सोहन सिंह – कानि. 1297 श्री जिनेश – कानि. 257

# अवैध मादक पदार्थों के खिलाफ बड़ी कार्रवाई, अफीम और गांजा के हरे पौधे जब्त



**24 न्यूज अपडेट**

उदयपुरः जिला पुलिस अधीक्षक योगेश गोयल के निर्देशानुसार अवैध मादक पदार्थों के खिलाफ चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत भीण्डर थाना पुलिस ने बड़ी कार्रवाई को अंजाम दिया। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक खेरवाड़ा श्रीमती अंजना सुखवाल एवं वृत्ताधिकारी वल्लभनगर श्री राजेन्द्र सिंह जैन के सुपरविजन में थानाधिकारी श्री पूनाराम के नेतृत्व में पुलिस टीम ने 21 मार्च 2025 को मुखबिर की सूचना पर निचली चोल ग्राम पंचायत मोतीदा में दबिश दी।

कार्रवाई के दौरान जब्त मादक पदार्थः अफीम की फसलः 230 पौधे, कुल वजन 8 किलो 820 ग्राम गांजा की फसलः 172 पौधे, कुल वजन 11 किलो 200 ग्राम यह मादक पदार्थ कालु पुत्र चतरा के खेत से जब्त किए गए। पुलिस ने प्रकरण संख्या 64/2025 के तहत एनडीपीएस एक्ट की धारा 8/18 एवं 8/20 के तहत मामला दर्ज कर लिया है। इस मामले की आगे की जांच वल्लभनगर थाना प्रभारी श्री दिनेश पाटीदार द्वारा की जा रही है।

कार्रवाई में शामिल पुलिस टीमःश्री पूनाराम, थानाधिकारी, भीण्डर, श्री जालिम सिंह, कानि., श्री दूधाराम, कानि., श्री रिंकूराम, कानि. श्री मानसिंह, कानि. (विशेष भूमिका)

# बाईक पर 560 ग्राम अवैध अफीम के साथ आरोपी गिरफ्तार, नाबालिग भी डिटेन



**24 न्यूज अपडेट**

24 न्यूज अपडेट चित्तौड़गढ़। जिले की पारसोली थाना पुलिस ने अवैध मादक पदार्थों की तस्करी के विरुद्ध प्रभावी कार्यवाही करते हुए गुरुवार को नाकाबंदी के दौरान एक बाईक पर 560 ग्राम अवैध अफीम ले जाते एक आरोपी को गिरफ्तार किया है, वहीं मामले में एक नाबालिग को डिटेन किया है। मादक पदार्थों की तस्करी के खिलाफ पारसोली थाना पुलिस ने इस साल की यह आठवीं कार्यवाही की हैं।

जिला पुलिस अधीक्षक श्री सुधीर जोशी ने बताया कि अवैध रुप से मादक पदार्थों का परिवहन करने वाले तस्करो पर प्रभावी कार्यवाही करने के मध्यनजर एएसपी रावतभाटा भगवत सिंह व डीएसपी बेगूं अंजलि सिंह के निर्देशन में थानाधिकारी पारसोली प्रेमसिंह उप निरीक्षक के नेतृत्व में कानि. मनोज, प्रितम, जितेन्द्र, शीशराम, रतनसिंह व गोकुल द्वारा मादक पदार्थों की धरपकड हेतु तेजपुर से नंदवई रोड पर सरहद गुढा के पास नाकाबंदी की जा रही थी। नाकाबंदी के दौरान नंदवई की तरफ से दो व्यक्ति एक हीरो स्पलेण्डर मोटर साईकिल पर आये जिनको रुकवाकर नाम पते पूछे गए तो दोनो घबरा गए। मोटर साईकिल चालक नाबालिग होकर उसके पीछे बैठे व्यक्ति ने अपना नाम तेजपुर पुलिस थाना पारसोली निवासी राजूलाल पुत्र सूडा रेगर होना बताया। उनके कब्जेशुदा मोटर साईकिल की तलाशी ली गई तो मोटर साईकिल की पेट्रोल टंकी के उपर रेग्जीन की जेब के अन्दर छिपा रखी एक प्लास्टिक की थैली में कुल 560 ग्राम अवैध अफीम पायी गई। नाबालिग बाल अपचारी एवं आरोपी राजूलाल रेगर के विरुद्ध एनडीपीएस एक्ट में प्रकरण दर्ज कर अवैध अफीम, मोटर साईकिल को जब्त किया गया।

# यात्रीगण अर्जेंट ध्यान दें : उदयपुर सिटी-शालीमार रेलसेवा रीशड्यूल, 1 घंटा देरी से रात 02:05 बजे प्रस्थान करेगी




24 न्यूज अपडेट

24 न्यूज अपडेट उदयपुर। उत्तर पश्चिम रेलवे के मुख्य जनसम्पर्क अधिकारी कैप्टन शशि किरण के अनुसार, लिंक रेक की देरी के कारण उत्तर पश्चिम रेलवे पर संचालित निम्न रेलसेवा प्रभावित रहेगीः रीशड्यूल रेलसेवा (प्रारम्भिक स्टेशन से) - गाड़ी संख्या 20971, उदयपुर सिटी - शालीमार रेलसेवा, जो दिनांक 22.03.25 को उदयपुर सिटी स्टेशन से अपने निर्धारित समय 01:05 बजे के बजाय 01 घंटा की देरी से 02:05 बजे प्रस्थान करेगी।

यात्रियों की सुविधा के लिए रेवाड़ी रींगस-रेवाड़ी अनारक्षित स्पेशल रेलसेवा रेलवे द्वारा यात्रियों की सुविधा हेतु रेवाड़ी-रींगस-रेवाड़ी अनारक्षित स्पेशल रेलसेवा का संचालन किया जा रहा है। उत्तर पश्चिम रेलवे के मुख्य जनसम्पर्क अधिकारी कैप्टन शशि किरण के अनुसार, गाड़ी संख्या 09637, रेवाड़ी-रींगस स्पेशल रेलसेवा निम्नलिखित तिथियों को संचालित होगीः 22.03.25, 23.03.25, 25.03.25, 29.03.25, 30.03.25, 31.03.25, 05.04.25, 06.04.25, 08.04.25, 10.04.25, 12.04.25, 13.04.25, 18.04.25, 19.04.25, 20.04.25, 24.04.25, 26.04.25 व 27.04.25 (कुल 18 ट्रिप) यह गाड़ी रेवाड़ी से 11:45 बजे रवाना होकर 14:45 बजे रींगस पहुंचेगी। इसी प्रकार, गाड़ी संख्या 09638, रींगस-रेवाड़ी स्पेशल रेलसेवा निम्नलिखित तिथियों को संचालित होगीः 22.03.25, 23.03.25, 25.03.25, 29.03.25, 30.03.25, 31.03.25, 05.04.25, 06.04.25, 08.04.25, 10.04.25, 12.04.25, 13.04.25, 18.04.25, 19.04.25, 20.04.25, 24.04.25, 26.04.25 व 27.04.25 (कुल 18 ट्रिप) यह गाड़ी रींगस से 15:05 बजे रवाना होकर 18:20 बजे रेवाड़ी पहुंचेगी। स्टॉपेजः यह रेलसेवा मार्ग में निम्न स्टेशनों पर ठहरेगीः रेवाड़ी, कुण्ड, काठूवास, अटेली, नारनौल, अमरपुर जोरासी, निजामपुर, डाबला, मावंडा, नीम का थाना, कांवट, श्रीमाधोपुर, व रींगस। कोच संरचनाः इस रेलसेवा में 08 साधारण श्रेणी व 02 गार्ड डिब्बों सहित कुल 10 डिब्बे होंगे।

# जिला प्रतापगढ़ के 20 हजार के इनामी को जोधपुर के चौपासनी इलाके से पकड़ा




24 न्यूज अपडेट

जयपुर 20 मार्च। एंटी गैंगस्टर टास्क फोर्स पुलिस मुख्यालय की टीम ने गुरुवार को बड़ी कार्रवाई की है। प्रतापगढ़ जिले से 20000 के इनामी दिनेश बाबल पुत्र बाबूलाल बिश्नोई निवासी डोली कला थाना कल्याणपुर जिला बालोतरा को जोधपुर के चौपासनी थाना क्षेत्र से पकड़ प्रतापगढ़ जिले की छोटी सादड़ी थाना पुलिस को सौंप दिया है। मामले में पुलिस को करीब 2 साल से आरोपी की तलाश थी।

अतिरिक्त महानिदेशक पुलिस एंटी गैंगस्टर टास्क फोर्स श्री दिनेश एमएन ने बताया कि 24 मार्च 2023 को प्रतापगढ़ जिले की छोटी सादड़ी पुलिस कारूण्डा चौराहे पर नाकाबंदी कर रही थी। तभी तेज गति से आ रही दो स्कॉर्पियो में सवार बदमाश पुलिस पर फायरिंग करते हुए नाकाबंदी तोड़ भागने लगे। करीब 1 किलोमीटर आगे सामने से एक ट्रक आने पर बदमाशों की गाड़ी एक होटल की दीवार से टकरा गई। एक स्कॉर्पियो से दो व्यक्ति उतरकर खेतों में भाग गए। दूसरी स्कॉर्पियो से निकल चालक व उसके साथी ने पुलिस पर फायर कर भागने की कोशिश की।


पुलिस ने जवाबी कार्रवाई कर दोनों बदमाशों गिरधारी राम निवासी बाड़मेर और उसके साथी रमेश कुमार विश्नोई निवासी जोधपुर के पैर में गोली मार दबोच लिया। पुलिस ने दोनों स्कॉर्पियो से 33 कट्टों में भरा 803 किलो डोडा चूरा, 20 किलो अफीम, दो पिस्टल व एक कारतूस जप्त किये थे। इस मामले में फरार आरोपी दिनेश बाबल की गिरफ्तारी पर आईजी रेंज बांसवाड़ा द्वारा 20 हजार रुपये का इनाम घोषित किया गया था।

एडीजी श्री एमएन ने बताया कि प्रदेश में वांछित बदमाशों, गैंगस्टर्स, मादक पदार्थ शराब अवैध हथियार तस्कर ऑन एवं आपराधिक गिरोह आदि के बारे में आसूचना संकलन करने पुलिस मुख्यालय की विभिन्न टीमों को प्रदेश के अलग-अलग शहरों में भेजा गया है। इसी क्रम में डीआईजी योगेश यादव एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक नरोत्तम वर्मा के सुपरविजन तथा डीएसपी फूलचंद टेलर व उप निरीक्षक नरेंद्र सिंह के नेतृत्व में एएसआई दुष्यंत सिंह, हेड कांस्टेबल शाहिद अली, राकेश, कांस्टेबल रविंद्र सिंह एवं महेंद्र सिंह को जोधपुर रेंज की तरफ रवाना किया गया था।

आसूचना संकलन के दौरान टीम को सूचना मिली कि मादक पदार्थ तस्करी के दौरान प्रतापगढ़ जिले की छोटी सादड़ी पुलिस पर फायरिंग मामले में वांछित 20000 इनामी दिनेश बाबल जोधपुर व आसपास के क्षेत्र में छुपकर फरारी काट रहा है। सूचना को डवलप किया गया। आसूचना व तकनीकी सहायता से टीम ने जोधपुर के चौपासनी थाना क्षेत्र में घेराबंदी कर आरोपी इनामी बदमाश दिनेश बाबल को दबोच लिया। जिसे बाद में छोटी सादड़ी थाना पुलिस को सुपुर्द कर दिया गया। आरोपी के विरुद्ध पूर्व में भी जोधपुर के थाना शास्त्री नगर व डांगियावास में आपराधिक प्रकरण दर्ज है।

इस संपूर्ण कार्रवाई में एजीटीएफ के एएसआई दुष्यंत सिंह, हेड कांस्टेबल शाहिद अली, राकेश, कांस्टेबल रविंद्र सिंह व महेंद्र सिंह की विशेष भूमिका तथा कांस्टेबल संजय का सराहनीय सहयोग रहा।

# रमजान के तीसरे जुमे की नमाजः जयपुर में इबादत के लिए उठे हजारों हाथ, खुदा की बारगाह में किया सजदा



24 न्यूज अपडेट

जयपुरः रमजान के पवित्र माह में शुक्रवार को राजधानी जयपुर की जौहरी बाजार स्थित जामा मस्जिद में तीसरे जुमे की नमाज अदा की गई. हजारों नमाजी अल्लाह की बारगाह में सिर झुकाने पहुंचे. मस्जिद में दोपहर 1:45 बजे नमाज अदा की गई, जिसे मुफ्ती अमजद ने पढ़ाया. जयपुर के विभिन्न इलाकों से बड़ी संख्या में लोग जामा मस्जिद पहुंचे. रमजान के तीसरे जुमे पर मस्जिद के अंदर और आसपास श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी. नमाजियों ने खुदा से अमन-चैन और बरकत की दुआ मांगी. रमजान के खास मौके पर पुलिस प्रशासन ने सुरक्षा व्यवस्था चाक-चौबंद रखी. जामा मस्जिद और आसपास बड़ी संख्या में पुलिस बल तैनात किया, ताकि नमाज अदा करने में किसी को परेशानी ना हो.

जामा मस्जिद कमेटी के सदस्य जावेद खान ने बताया कि यह रमजान का तीसरा जुम्मा था. आने वाले हफ्ते में आखिरी जुम्मा होगा, जिसे लेकर विशेष तैयारियां की जा रही हैं. उन्होंने कहा कि मस्जिद प्रशासन नमाजियों की सुविधा के लिए हरसंभव प्रयास कर रहा है.

माणक चौक थाना प्रभारी भूपेंद्र सिंह ने कहा कि प्रशासन की ओर से सुरक्षा व्यवस्था को सुचारू रूप से बनाए रखने के लिए पूरी तैयारी की थी. उन्होंने बताया कि जब भी मस्जिद कमेटी से सहयोग की जरूरत पड़ती है, प्रशासन का पूरा समर्थन मिलता है. इसके अलावा अन्य सामाजिक संस्थाओं ने भी कानून-व्यवस्था बनाए रखने में सहयोग दिया. रमजान के तीसरे जुमे पर जयपुर की जामा मस्जिद में हजारों धर्मावलंबियों ने नमाज पढ़ी. अब आने वाले अगले जुमे की तैयारियों को लेकर मस्जिद प्रशासन और प्रशासनिक अधिकारियों ने रणनीति बनानी शुरू कर दी है.

# जयपुर में स्कूल के कैशियर ने की 25-लाख की हेराफेरीःस्टूडेंट्स से फीस वसूल कर दी फेक रसीद, खाते में नहीं करवाई जमा



24 न्यूज अपडेट

जयपुर में एक कैशियर के 25 लाख रुपए की हेराफेरी करने का मामला सामने आया है। स्टूडेंट्स से लाखों रुपए की फीस वसूली कर फेक रसीद दे डाली। स्कूल के बैंक अकाउंट में जमा नहीं करवाकर आरोपी कैशियर ने धोखाधड़ी की। श्याम नगर थाने में पीड़ित स्कूल प्रधानाचार्य ने कैशियर के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज करवाई है। पुलिस ने बताया- श्याम नगर के निर्माण नगर स्थित प्राइवेट स्कूल की प्रधानाचार्य ने रिपोर्ट दर्ज करवाई है। उनके स्कूल में आरोपी कैशियर के पद पर तैनात था। स्कूल ऑफिस में फीस वसूलने की आरोपी की जिम्मेदारी थी। पेरेंट्स से स्कूल फीस वसूलने के बाद स्टूडेंट्स के अकाउंट में चढ़ाकर स्कूल के बैंक अकाउंट में जमा करवानी थी। आरोप है कि 17 मार्च को जांच करने पर पता चला कि कुछ स्टूडेंट्स के नाम फीस डिफॉल्टर सूची से गायब थे। फीस डिफॉल्टर होने के बावजूद उनके नाम की रिपोर्ट नहीं की गई थी। उनके पेरेंट्स को बुलाने पर फीस जमा कराने देने के बारे में पता चला। 19 मार्च से आरोपी कैशियर ने स्कूल आना बंद कर दिया। जांच करने पर पता चला कि करीब 25 लाख रुपए की फीस वसूल कर आरोपी ने स्कूल बैंक अकाउंट में नहीं जमा करवाई। हेराफेरी कर वसूली गई फीस की फेक रसीदें काटकर स्टूडेंट्स को दे दी। बैंक में रकम जमा करवाए बिना ही स्टूडेंट्स के फीस पोर्टल पर बने अकाउंट में जमा होना चढ़ा दिया। स्कूल के साथ धोखाधड़ी कर रकम ऐंठने का पता चलने पर श्याम नगर थाने में रिपोर्ट दर्ज करवाई गई।

# सफल रहा राजस्थान का बिना मैचिंग के लिवर ट्रांसप्लांट का पहला मामला



24 न्यूज अपडेट

जयपुरः राजधानी के सीतापुरा स्थित एक निजी अस्पताल के सेंटर फॉर डाइजेस्टिव साइंसेज के लिवर ट्रांसप्लांट विशेषज्ञ टीम को मेडिकल साइंस क्षेत्र में बड़ी सफलता मिली है. मामला राज्य के पहले एबीओ इनकंपिटिबल लिवर ट्रांसप्लांट का है. खास बात ये है कि लिवर की खराबी वाले जरूरतमंद गंभीर रोगी को अन्य ब्लड ग्रुप के डोनर से प्राप्त लिवर लगाया गया. यह पूरी तरह सफल रहा. इसके साथ ही उन रोगियों के लिए भी जीवन की राह खुल गई है, जिनके पास मैचिंग ग्रुप का डोनर नहीं है.

लिवर सर्जरी स्पेशलिस्ट डॉ नैमिष एन मेहता ने बताया कि बूरथल निवासी 44 वर्षीय मदन गोपाल मीना को पिछले डेढ़ वर्ष से पीलिया की वजह से बार बार अस्पताल में भर्ती होना पड़ता था. उन्हें पेट में पानी भरने, बार बार बेहोशी जैसी शिकायत थी. स्थिति लिवर फेलियर तक पहुंच गई थी. रोगी को जब बेहोशी की हालत में अस्पताल में भर्ती कराया गया तो पता लगा कि उनकी जान अब लिवर प्रत्यारोपण से ही बचाई जा सकती है.

**इम्यूनो मॉड्यूलर थेरेपी दी गईः** सर्जरी के दौरान चुनौती यह भी थी कि मैचिंग ब्लड ग्रुप का डोनर नहीं मिल पा रहा था. उनकी पत्नी बसना देवी का ब्लड ग्रुप ए पॉजिटिव था, जबकि रोगी का बी पॉजिटिव. डोनर के ब्लड ग्रुप को मैच करने के लिए विशेष प्लाज्मा फेरेसिस द्वारा रोगी के शरीर से 'ए' एंटीबॉडीज को कम किया. भविष्य में भी रोगी को कोई दिक्कत ना हो. इसके लिए इम्यूनो मॉड्यूलर थेरेपी भी दी गई. ये प्रोसेज ऑपरेशन से कुछ दिन पहले किया गया. इस तरह डोनर द्वारा प्राप्त लिवर के हिस्से को रोगी के शरीर में ट्रांसप्लांट किया गया. ब्लड में एंटीबॉडीज के अभाव में रोगी के शरीर ने उसे रिजेक्ट भी नहीं किया.

# CUET UG के लिए आवेदन पिछले साल से कम, विश्वविद्यालयों की संख्या बढ़ी, रजिस्ट्रेशन की आखिरी तारीख कल




24 न्यूज अपडेट

कोटा : यूनिवर्सिटी ग्रांट कमीशन (UGC) के तहत देश के 300 से अधिक विश्वविद्यालयों और संस्थानों में प्रवेश के लिए नेशनल टेस्टिंग एजेंसी द्वारा कॉमन यूनिवर्सिटी एंट्रेंस टेस्ट (CUET UG) का आयोजन किया जा रहा है. यह प्रवेश परीक्षा 1 जून से 8 जून के बीच कंप्यूटर आधारित परीक्षा (CBT) मोड में आयोजित की जाएगी. इसके लिए रजिस्ट्रेशन की अंतिम तारीख 22 मार्च रात 11:50 बजे तक है, जबकि आवेदन फार्म की फीस जमा करने के लिए अंतिम तारीख 23 मार्च रात 11:50 बजे तक है.

कोटा के शिक्षा विशेषज्ञ कमल सिंह चौहान ने जानकारी दी कि इस परीक्षा के लिए इस साल तक 10.75 लाख आवेदन प्राप्त हो चुके हैं. अब लगभग 30 घंटे और आवेदन करने का समय शेष है, ऐसे में माना जा रहा है कि कुल आवेदकों की संख्या 12 लाख से कम रह सकती है, जबकि पिछले साल यह संख्या 13.47 लाख के आसपास थी. इस बार आवेदन कम हो सकते हैं और इसके परिणामस्वरूप परीक्षा देने वाले विद्यार्थियों की संख्या भी कम हो सकती है. छात्रों के लिए अच्छी खबर यह है कि लगातार CUET UG में विश्वविद्यालयों की संख्या बढ़ रही है और पिछले साल जहां यह संख्या 260 थी, इस बार यह बढ़कर लगभग 308 हो गई है, जिसमें 10 राष्ट्रीय स्तर के संस्थान भी शामिल हैं, जिनके देश भर में कई कैंपस हैं.

**रजिस्ट्रेशन में कमी, समय भी कम मिलाः** नेशनल टेस्टिंग एजेंसी ने इस बार कैंडिडेट्स को परीक्षा फॉर्म भरने के लिए कम समय दिया है. रजिस्ट्रेशन 1 मार्च से शुरू हुए थे और उम्मीदवारों को केवल 22 दिन का समय दिया गया है. राजीव गांधी नगर में नेशनल टेस्टिंग एजेंसी के फॉर्म फिलिंग सेंटर के संचालक पंकज खंडेलवाल का कहना है कि शुक्रवार दोपहर तक 10.75 लाख आवेदन हो चुके थे. अब कैंडिडेट्स की संख्या बहुत कम आ रही है. माना जा रहा है कि देशभर में 30 से 40 हजार आवेदन और हो सकते हैं. पिछले साल जहां 13.47 लाख आवेदन हुए थे, वहीं इस बार करीब दो से ढाई लाख आवेदन कम हो सकते हैं.

**विश्वविद्यालयों की संख्या बढ़ी** : शिक्षा विशेषज्ञ कमल सिंह चौहान का कहना है कि इस बार विश्वविद्यालयों की संख्या जरूर बढ़ी है. पिछले साल जहां 260 विश्वविद्यालय CUET UG के माध्यम से प्रवेश दे रहे थे, इस बार यह संख्या बढ़कर 308 हो गई है. आने वाले समय में कुछ और विश्वविद्यालय इस परीक्षा में शामिल हो सकते हैं. ऐसे में अनुमान है कि इस बार 50 से अधिक विश्वविद्यालयों की संख्या बढ़ी है. हालांकि, इनमें से अधिकांश प्राइवेट विश्वविद्यालयों की हैं, लेकिन डीम्ड और राज्य विश्वविद्यालयों में भी इजाफा हुआ है.



# कानोड़ पुलिस ने चोरों की निकाली हेकड़ी, बाजार में निकाला जुलूस, नगरवासियों ने पुलिस के साहसिक कदम की सराहना की



**24 न्यूज अपडेट**
रिपोर्ट -राहुल पाटीदार

कानोड़ . कानोड़ में हुई लाखों की चोरी का पुलिस ने खुलासा करते हुए शातिर चोरों का जुलूस भरे बाजार में निकाला। पुलिस के इस कदम से नगरवासियों में विश्वास और अपराधियों में भय का माहौल बन गया। दिनभर रही चर्चा, शाम को भरे बाजार में निकला जुलूस शुक्रवार को पूरे दिन चोरी की वारदात और आरोपियों की गिरफ्तारी की चर्चा बाजार में बनी रही। शाम 4 बजे थाना अधिकारी मुकेश चंद्र खटीक के नेतृत्व में पुलिस ने आरोपियों को बस स्टैंड चौराहे, कोर्ट चौराहे और बापू बाजार से होते हुए घटनास्थल तक घुमाया। चोरों को खुलेआम बाजार में घुमाते देख आमजन ने पुलिस की सराहना की। क्राइम सीन रीक्रिएशन में खुद आरोपियों ने बताया घटनाक्रम वारदात स्थल पर पहुंचकर पुलिस ने चोरों से पूरा घटनाक्रम दोबारा करवाया। आरोपियों ने भी अपने अपराध को कबूल करते हुए चोरी की पूरी कहानी सुनाई। इस दौरान चोरों के चेहरे पर किसी भी प्रकार की मायूसी नहीं थी, लेकिन पुलिस ने इस तरह उनकी हेकड़ी निकाली कि पूरे बाजार में उनकी फजीहत हो गई।

### शातिर अपराधी और पुलिस का कड़ा एक्शन

पुलिस द्वारा पकड़े गए चोरों में कानोड़ का हिस्ट्रीशीटर कालू लाल भोई, डूमा तलाव निवासी लक्ष्मण लाल रावत और रेलमहुड़ी निवासी किशन लाल मीणा शामिल हैं। इन अपराधियों में से एक के सीने पर "302 किंग" का टैटू बना हुआ था, जो उसकी आपराधिक प्रवृत्ति को दर्शाता है।

### नगरवासियों ने पुलिस टीम का किया सम्मान

इस सफल कार्रवाई के बाद पीड़ित दुकान मालिक लक्ष्मी लाल मेहता ने पुलिस का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि उन्हें पुलिस पर पूरा विश्वास था और पुलिस ने वह विश्वास और मजबूत कर दिया।

### बहादुर पुलिसकर्मियों के प्रमोशन की मांग

नगरवासियों ने इस केस में अहम भूमिका निभाने वाले चालक कांस्टेबल चेतन प्रकाश और कांस्टेबल अमित कुमार को गैलेंट्री प्रमोशन देने की मांग थाना अधिकारी के समक्ष रखी। इस पर थाना अधिकारी मुकेश चंद्र खटीक ने आश्वासन दिया कि उच्च अधिकारियों को इन पुलिसकर्मियों के सम्मान और पदोन्नति के लिए लिखा जाएगा। बाजार में उमड़ा जनसैलाब चोरों के जुलूस को देखने के लिए बाजार में बड़ी संख्या में नगरवासी एकत्रित हो गए। पुलिस के इस कड़े कदम से अपराधियों में भय और आमजन में सुरक्षा की भावना प्रबल हुई है।

# सर्व समाज ने मेवाड़ राज परिवार के वरिष्ठ सदस्य अरविंद सिंह मेवाड़ को दी श्रद्धांजलि



**24 न्यूज अपडेट**

निंबाहेड़ा. मेवाड़ राज परिवार के वरिष्ठ सदस्य अरविंद सिंह मेवाड़ के आकस्मिक निधन पर सर्व समाज द्वारा श्रद्धांजलि सभा आयोजित की गई। शुक्रवार को सायंकाल विवेकानंद सर्किल स्थित कम्युनिटी हॉल में आयोजित इस शोक सभा की अध्यक्षता पूर्व विधायक अशोक नवलखा ने की, जिसमें सैकड़ों गणमान्य नागरिकों ने उपस्थित होकर स्वर्गीय अरविंद सिंह मेवाड़ को भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। शोक सभा की शुरुआत में अखिलेश ठाकुर ने दिवंगत अरविंद सिंह मेवाड़ के जीवन पर प्रकाश डालते हुए कहा कि उनका निधन केवल मेवाड़ ही नहीं, बल्कि संपूर्ण भारत के लिए अपूरणीय क्षति है। उन्होंने राज परिवार की विरासत और उनके समाजसेवी योगदान को याद करते हुए कहा कि उनका व्यक्तित्व सभी वर्गों को प्रेरणा देता रहेगा। नेताओं और समाजसेवियों ने साझा की स्मृतियां सभा को संबोधित करते हुए पूर्व विधायक अशोक नवलखा, पूर्व जिला प्रमुख भूपेंद्र सिंह बडोली और व्यापार मंडल अध्यक्ष पुष्कर सोनी ने अरविंद सिंह मेवाड़ के व्यक्तित्व और कृतित्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि स्वर्गीय अरविंद सिंह मेवाड़ ने सदैव सामाजिक समरसता, संस्कृति और जनकल्याण को प्राथमिकता दी। शोक सभा में उपस्थित गणमान्यजनः इस अवसर पर भाजपा नगर अध्यक्ष कपिल चौधरी, पूर्व नगर अध्यक्ष नीतिन चतुर्वेदी, गोपाल पंचोली, आशीष टांक, सुरेश कुदाल, अजीत जैन, सुरेश अग्रवाल, श्याम वैष्णव, बबलू माली, राजीव कसेरा, राहुल धोबी, मनमोहन जोशी, सोहन माली, विजय मीणा, गणपत गवारिया, कुलदीप सिंह राठौड़, दिलीप सिंह, नरेंद्र सिंह गौड़, फतेह सिंह सारंगदेवोत, दलपत सिंह शक्तावत, लक्ष्मण सिंह बडोली, रणजीत सिंह नारेला, रणवीर सिंह पायरी, शैलेंद्र सिंह कदमाली, शैलेंद्र सिंह अरनोदा, घनश्याम सिंह टीलाखेड़ा, महिपाल सिंह, प्रकाश चेलावत सहित सैकड़ों नागरिक उपस्थित रहे।

### सामूहिक मौन और श्रद्धांजलि

शोक सभा के अंत में सभी उपस्थितजन दो मिनट का मौन धारण कर दिवंगत आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की। श्रद्धांजलि सभा का आभार प्रदर्शन भानुप्रताप सिंह नाहरगढ़ ने किया।

# डूंगरपुर में 100 से ज्यादा वाहनों का रजिस्ट्रेशन होगा रद्दः टैक्स नहीं भरने वालों पर नजर, 250 गाड़ियां जब्त कर 7 करोड़ का राजस्व वसूला




**24 न्यूज अपडेट**

परिवहन विभाग ने बिना रजिस्ट्रेशन चलने वाली गाड़ियों का रजिस्ट्रेशन कैंसिल करने की कार्रवाई शुरू कर दी है। वहीं, 24 घंटे में 250 से ज्यादा गाड़ियों को जब्त कर 7 करोड़ से ज्यादा का राजस्व वसूला है। जिला परिवहन अधिकारी मनीष माथुर ने बताया कि वाहनों का नियमित एवं बकाया कर वसूलने के साथ ही राजस्व लक्ष्यों को पूरा करने के लिए अभियान चलाया जा रहा है। भारी वाहनों का वित्तीय वर्ष 2025-26 का वार्षिक कर जमा करवाने के लिए 15 मार्च आखरी तारीख थी। अब भी करीब 100 से अधिक गाड़ी मालिकों ने टैक्स जमा नहीं करवाया है। ऐसे में विभाग की ओर से बिना टैक्स के चलने वाली गाड़ियों को तुरन्त सीज करने के निर्देश दिए है। ऐसी सभी गाड़ियों का रजिस्ट्रेशन कैंसिल कर दिया जाएगा। वहीं, ई-रवन्ना चालानों में एमनेस्टी योजना अन्तर्गत जुर्माना राशि पर 95 प्रतिशत की छूट दी जा रही है। सभी गाड़ी मालिकों से 31 मार्च से पहले अपने बकाया ई-रवन्ना के भुगतान कर योजना का फायदा ले सकते हैं। वहीं, विभाग के उड़न दस्तों ने 24 घण्टे में गाड़ियों की सघन जांच अभियान चलाया गया। इसके तहत करीब 250 वाहनों को सीज किया गया। उनसे 7 करोड़ रुपए का राजस्व वसूल किया है। ये अभियान 31 मार्च तक चलेगा। जिला परिवहन अधिकारी मनीष माथुर ने सभी वाहन मालिकों से बकाया टैक्स जमा करने ओर उससे जुड़े समस्त दस्तावेजों का नवीकरण समय पर करवाने की अपील की है।

# चारभुजा मंदिर पर महिला मंडल ने फागोत्सव मनाया




**24 न्यूज अपडेट**

कविता पारख. 24 न्यूज अपडेट, निम्बाहेड़ा। बिनोता कस्बे के चारभुजा मंदिर पर शुक्रवार भजनीक महिला मंडल के सदस्यों द्वारा पूजा अर्चना भजन कीर्तन करते हुवे फागोत्सव के पर्व धूमधाम के साथ मनाया महिला मंडल की प्रेमलता तिवारी शकुंतला सोनी ने बताया कि शुक्रवार को दिन में चारभुजा मंदिर पर फाग के गीत गाते हुवे भजन कीर्तन के एक दूसरे को गुलाल, रंग लगाकर फागोत्सव पर्व मनाया इस दौरान महिला मंडल की बेबी कुंवर पार्वती शर्मा, सूरज वैष्णव, संगीता सोनी, माया शर्मा, दिव्या लुहार, पुष्पा वैष्णव, सरिता मालू, मंजू शर्मा ,सत्तू कुंवर,निर्मला सोनी, सीता सोनी मनीषा मूने ट मीरा सोनी मिताली कुमावत ,पुष्पा शर्मा , सहित बड़ी संख्या में महिलाओं ने एक दूसरे को गुलाल लगाकर होली खेली

# निंबाहेड़ा विधायक ने उठाया क्षतिग्रस्त सड़कों का मुद्दा

## बोले - आमजन है परेशान, मंत्री खर्रा ने कही जांच करवाने की बात



**24 न्यूज अपडेट**

निंबाहेड़ा विधायक श्रीचंद्र कृपलानी ने आज शुक्रवार को नगर पालिका क्षेत्र की क्षतिग्रस्त सड़कों के मुद्दा उठाया। उन्होंने सड़कों को ठीक करवाने के लिए अलग से बजट की भी मांग की है। इस पर नगरीय विकास मंत्री झाबर सिंह खर्रा ने निश्चित अवधि से पहले जर्जर हुए इन सड़कों की फिर से जांच करवाने की बात कही। उन्होंने यह भी कहा कि राज्य सरकार की ओर से सड़कों के मरम्मत के लिए 10-10 करोड रुपए दिए जाएंगे और अगर इससे भी ज्यादा की जरूरत हुई तो उस पर भी विचार किया जाएगा।

### पाइप लाइन बिछाने के लिए खुद दिए सड़के

विधानसभा में प्रश्न कल के दौरान निंबाहेड़ा विधायक श्री चंद्र कृपलानी ने नगर पालिका निंबाहेड़ा क्षेत्र के सड़कों के हाल से रूबरू करवाया। उन्होंने कहा कि निंबाहेड़ा में पेयजल सप्लाई का काम चल रहा है। जिसके कारण जगह-जगह सड़कों को खोद दिया गया है। इसके बाद वापस उन सड़कों को ठीक ना करके उनमें मिट्टी डाल दिया गया है। उन्होंने कहा कि विभाग भी मान रहा है की सड़के क्षतिग्रस्त है। इन सड़कों पर 58 करोड रुपए खर्च किया गया है फिर भी यह सड़के जर्जर अवस्था में है। इस पर मंत्री झाबर सिंह खर्रा ने कहा कि जो सड़कें बनी है, वह अगर निश्चित अवधि से पहले ही जर्जर अवस्था में पहुंच गए हैं तो उसके लिए सार्वजनिक निर्माण विभाग के गुणवत्ता नियंत्रण खंड से जांच करवाई जाएगी। अगर जांच में गड़बड़ी मिली तो निश्चित रूप से उसे पर कार्रवाई भी होगी। उन्होंने यह भी कहा की गुणवत्ता नियंत्रण खंड के अधिकारी को निर्देशित किया जाएगा की जांच के दौरान विधायक भी साथ रहे। उन्होंने विधायक शिवचंद कृपलानी से भी रिक्वेस्ट की है की जांच के दौरान वह मौजूद रहे।

# मकान मालिक के घर से किराएदार ने चुराए थे जेवरातः8 लाख के गहने और 30 हजार रुपए नगद था, महिला चोर गिरफ्तार




**24 न्यूज अपडेट**

सूने मकान से 8 लाख रुपए के गहने और 30 हजार रुपए नकद चुराने के मामले में महिला को गिरफ्तार किया गया है। महिला ने अपने मकान मालिक के घर में ही चोरी की थी। महिला चोर को सलूंबर जिले की जावर माइंस थाना पुलिस ने पकड़ा है। थानाधिकारी पवन सिंह ने बताया- आरोपी महिला रेखा देवी प्रजापत पत्नी द्वारकेश राजसमंद के रेलमगरा की रहने वाली है। नाका बाजार स्थित मकान में रहने वाले राजेश सेन ने चोरी का मामला दर्ज करवाया था।

### किराएदार को चाबी देकर गए थे

मकान मालिक राजेश ने रिपोर्ट में बताया था कि वह जरूरी काम के लिए उदयपुर गया था। उनकी पत्नी अनीता अपने भाई के निधन होने पर पीहर गई हुई थी। वह अपने कमरों का ताला लगाकर किराएदार रेखा देवी को मुख्य गेट की चाबी सौंपकर गया था। शाम को पड़ोसियों से पता लगा कि घर का मुख्य दरवाजा खुला है। इस पर तुरंत घर पहुंचा। अलमारी के ताले टूटे हुए और सोने की एक तोला की चार चूड़ियां, साढ़े तीन तोला हार, 3 तोला मंगलसूत्र, डेढ़ तोला नाक का वेसर और 30 हजार रुपए नकद गायब थे। शिकायत दर्ज होने के बाद पुलिस ने जांच शुरू की, जिसके बाद महिला को गिरफ्तार किया। उसके कब्जे से जेवरात और नकदी बरामद किए।

# युवा प्रतिभा सम्मान प्रतियोगिता संपन्न, उर्मिला, दीने, शरीफ एवं लोकेश हुए चयनित



**24 न्यूज अपडेट**

उदयपुर, 21 मार्च। पश्चिम क्षेत्र सांस्कृतिक केन्द्र उदयपुर द्वारा राज्य स्तरीय 'युवा प्रतिभा पुरस्कार प्रतियोगिता' शुक्रवार को शिल्पग्राम के दर्पण सभागार में संपन्न हुई। पश्चिम क्षेत्र सांस्कृतिक केन्द्र उदयपुर के निदेशक फुरकान खान ने राज्य स्तरीय युवा प्रतिभा पुरस्कार प्रतियोगिता के बारे में बताया कि 18 से 30 वर्ष की मध्य की आयु वाले युवाओं की विभिन्न प्रतिभाएं यथा लोक गायन, लोक नृत्य, लोक वाद्य वादन तथा लोकनाट्य को एक राज्य स्तरीय मंच देने एवं उनकी कलाओं को प्रोत्साहित करने एवं राज्य/देश स्तर पर पहचान दिलाने के उद्देश्य से प्रतियोगिता 21 मार्च 2025 शुक्रवार को शिल्पग्राम उदयपुर में आयोजित की गई। इस प्रतियोगिता के निर्णायक श्री दीपक जोशी, श्री शिवराज सोनवाल एवं डॉ पामिल मोदी थे। इस अवसर पर केन्द्र के उपनिदेशक (कार्यक्रम) पवन अमरावत, सहायक निदेशक (वित्तीय एवं लेखा) दुर्गेश चांदवानी, सी एल सालवी, प्रेम शंकर नागदा, अकबर मोहम्मद आदि उपस्थित थे। इस प्रतियोगिता का संचालन प्रेरणा पंड्या ने किया एवं धन्यवाद सिद्धात भटनागर ने दिया। इस प्रतियोगिता में लोक गायन, लोक नृत्य, लोक वाद्य वादन तथा लोकनाट्य विधाओं के प्रतिभागियों ने भाग लिया। इस प्रतियोगिता के परिणाम निम्नानुसार रहे - लोक नृत्य में उर्मिला वैष्णव, लोक गायन में दीने खान, लोक वाद्य वादन में शरीफ खान तथा लोकनाट्य गवरी में लोकेश कुमार मीणा का श्रेष्ठ प्रदर्शन के लिए चयन किया गया। इन सभी विजेता प्रतिभागियों को 10 हजार रूपए पुरस्कार राशि तथा प्रमाण पत्र प्रदान किये जावेंगे।

# 585 ग्राम अवैध अफीम के साथ एक आरोपी गिरफ्तार



**24 न्यूज अपडेट**

चित्तौड़गढ़, 21 मार्च। पुलिस थाना साडास ने अवैध मादक पदार्थों के विरूद्ध प्रभावी कार्यवाही करते हुए मोटर साईकिल सवार एक व्यक्ति के कब्जे से 585 ग्राम अवैध अफीम जब्त कर आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस अधीक्षक श्री सुधीर जोशी ने बताया कि जिले में अवैध मादक पदार्थों की तस्करी की रोकथाम व धरपकड़ कार्यवाही हेतु एएसपी चित्तौड़गढ़ सरिता सिंह, डीएसपी गंगरार प्रभुलाल कुमावत के सुपरविजन मे गुरवार को थानाधिकारी साडास आजाद पटेल उ.नि. व पुलिस टीम कानि. बाबूलाल, सुरेश, प्रदीप, अजीत, शंकरलाल व महेश गिरी द्वारा कुंवालिया रोड से माताजी का खेडा जाने वाले कच्चे रास्ते पर श्मसान के पास, सरहद माताजी का खेडा पर नाकाबन्दी की जा रही थी। इसी दौरान माताजी का खेडा की तरफ से एक मोटरसाईकिल तेज गति से आई जिसको पुलिस टीम द्वारा रूकवाया गया व मोटरसाईकिल चालक की नियमानुसार तलाशी ली गई , तो मोटरसाईकिल के बाई तरफ स्थित टूल बॉक्स को खोलकर देखा तो उसमें एक नारंगी रंग की प्लास्टिक की थैली नजर आई जिसमें 585 ग्राम अवैध अफीम पाई गई। उक्त अवैध अफीम व मोटर साईकिल को जब्त कर आरोपी बस्सी थाने के कुम्हारों का बाडा, पाल निवासी 38 वर्षीय नन्दलाल पुत्र फुलचन्द सुवालका को गिरफतार किया गया। आरोपी के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट में प्रकरण पंजीबद्ध कर अनुसंधान जारी है। उक्त कार्यवाही में साडास थाने के कानि. प्रदीप पालीवाल व सुरेश की विशेष भूमिका रही।

# पीएम श्री योजना में चयन हेतु आवेदन प्रक्रिया प्रारंभ - 24 मार्च तक ऑनलाइन पोर्टल पर कर सकते हैं आवेदन

**24 न्यूज अपडेट**

जयपुर, 21 मार्च। पीएम श्री योजना के तहत चयन प्रक्रिया के सातवें चरण की आवेदन प्रक्रिया 21 मार्च से प्रारंभ हो गई है। पात्र बेंचमार्क स्कूल https://pmshrischools.education.gov.in पोर्टल पर 24 मार्च तक ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। राज्य परियोजना निदेशक एवं आयुक्त, राजस्थान स्कूल शिक्षा परिषद, श्रीमती अनुपमा जोरवाल ने बताया कि आवेदन के बाद जिला स्तर पर सत्यापन प्रक्रिया 25 मार्च तक पूर्ण की जाएगी। इसके पश्चात राज्य स्तर पर सत्यापन एवं अनुमोदन की अंतिम तिथि 28 मार्च निर्धारित की गई है। अंतिम चयन भारत सरकार के शिक्षा मंत्रालय द्वारा 1 अप्रैल तक किया जाएगा। जोरवाल ने बताया कि राज्य के 5221 बेंचमार्क स्कूल इस चरण में आवेदन करने के पात्र हैं। बेंचमार्क विद्यालयों की अंतिम सूची भारत सरकार के शिक्षा मंत्रालय द्वारा जारी की जाएगी। उल्लेखनीय है कि पीएम श्री योजना के तहत देशभर में 14,500 से अधिक पीएम श्री विद्यालयों की स्थापना का लक्ष्य है, जिनके माध्यम से विद्यार्थियों को उच्च गुणवत्तापूर्ण शिक्षा उपलब्ध कराई जाएगी। वर्तमान में राज्य में 639 पीएम श्री विद्यालय संचालित हैं।

24 न्यूज अपडेट- डिजिटल संस्करण स्वामित्व एवं प्रसारण ग्रुप के लिए करण सिंह देवड़ा द्वारा ई-न्यूज पेपर के फारमेट में प्रसारित प्रधान सम्पादक - सुशील जैन फोन .88520 73787, desk24newsupdate@gmail.com सर्वविवादों का न्याय क्षेत्र उदयपुर रहेगा ।